दैनिक जागरण नई दिल्ली, 19 जून 2019

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो को यूपी कैबिनेट से जल्द मिल सकती है मंजूरी

जासं, ग्रेटर नोएडा : मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के बाद नोएडा के सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो निर्माण पर प्राधिकरण ने तेजी दिखानी शुरू कर दी है। निर्माण पर आने वाले खर्च को लेकर शासन ने जवाब मांगा था। प्राधिकरण ने जवाब भेज दिया है। संभावना है कि यूपी कैबिनेट की होने वाली अगली बैठक में निर्माण शुरू करने को लेकर हरी झंडी मिल जाए। निर्माण में सिविल कार्यों के लिए ही टेंडर जारी होंगे। इलेक्ट्रिकल व अन्य कार्य मौजूदा नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो की दर पर कराने की योजना है। नोएडा के सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क पांच तक मेट्रो को बोर्ड से मंजूरी दिलाकर नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। रूट को बनाने में लगभग पंद्रह सौ करोड़ रुपये खर्च होने हैं। शासन ने प्राधिकरण से पूछा कि यह पैसा कहां से आएगा। इस पर दोनों प्राधिकरण ने जवाब दिया है कि इस रूट पर स्थित व्यावसायिक संपत्तियों को आवंटित कर फंड जुटा लिया जाएगा। नोएडा के सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क पांच तक मेट्रो की फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डीपीआर पहले ही डीएमआरसी बना चुकी है। आबादी को देखते हुए इसका निर्माण दो चरणों में कराने का प्लान बना है। पहले चरण में सेक्टर 71 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर दो तक मेट्रो लाइन बिछाने का प्रस्ताव है। यह ट्रैक लगभग साढ़े नौ किलोमीटर लंबा है। निर्माण पर लगभग पंद्रह सौ करोड़ रुपये खर्च आने की उम्मीद है। इसमें ग्रेनो प्राधिकरण को 235 करोड़ रुपये देने होंगे।